हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

11 प्राचीन परंपरा व संस्कृति को संजोए रखना हमारी जिम्मेदारी ...



12 कोटगांव-फुसेरा सचिव को मिली जान से मारने की धमकी





## खबर संक्षेप

### ऋग्वेद एकेडमी में आज विज्ञान मेला

**धमतरी।** ऋग्वेद एकेडमी गोकुलपुर इस वर्ष भी गांधी जयंती व अब्दुल कलाम जयंती के उपलक्ष्य में विज्ञान मेला का आयोजन 19 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। यह जानकारी प्राचार्य श्रीमती सूर्यप्रभा चेट्टियार ने दी है।

### ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक 20 को

**नगरी।** ब्लाक के ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक 20 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे मां शीतला मंदिर परिसर सिहावा में रखी गई है। इसमें संघ की गतिविधियों एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी घनाराम गौर कोषाध्यक्ष, देवचरण नेताम सचिव, रूपेश पटेल अध्यक्ष ने दी है।

### बोरसी में जनसमस्या निवारण शिविर 23 को

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर 23 अक्टूबर को मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम मेघा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में अपरिहार्य कारणों से स्थल परिवर्तन करते हुए ग्राम बोरसी में शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### स्थानीय अवकाश घोषित

**धमतरी।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर को सभी शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने पूर्व में दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा हेतु 1 नवम्बर को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए उन्होंने जिले में 12 नवम्बर को देवउठनी एकादशी पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### चौकीदार ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर एक वृद्ध ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार स्थानीय बठेनापारा निवासी राजाधर पटेल पिता भोलाराम उम्र 62 वर्ष गुजराती कालोनी में चौकीदारी करता था। वृद्ध शरीर की पुरानी बीमारी से परेशान था। बीमारी के चलते वृद्ध पिछले दो सप्ताह से चौकीदारी करने नहीं जा रहा था। गुरुवार की दोपहर को वृद्ध ने अपने घर में सिलिंग पंखा में गमछा का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने सिटी कोतवाली को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया।

# सेमरा-सी में 24 को मनेगी सुरहुति, 25 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम सेमरा सी में अनोखी परंपरा का निर्वहन करते हुए एक सप्ताह पहले 24 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार मनाया जाएगा। इसके बाद 25 अक्टूबर को गोर्वधन पूजा का उत्सव मनाया जाएगा। गांव में इसकी तैयारी जोर- शोर से चल रही है।

भखरा क्षेत्र के ग्राम सेमरा की अनोखी परंपरा है। यहां प्रमुख त्योहार निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पहले मनाया जाता है। ग्रामीण गजेंद्र कुमार सिन्हा, धनेश देवांगन, युकेश सिन्हा ने बताया कि गांव के आराध्य सिरदार देव के आदेश पर पुरखों के जमाने से इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। इस साल भी पूरे देश में दिवाली का त्योहार 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा, लेकिन सेमरा सी में 24 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा कर त्योहार मनाया जाएगा। इसके दूसरे दिन 25 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा होगी। गांव में इसे लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने बताया कि गांव का कोई भी व्यक्ति इस परंपरा के खिलाफ नहीं जाता है। एक दो बार इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश की गई तो गांव में कोई न कोई अनिष्ट घटना हुई है।

## एक सप्ताह पहले दीपावली त्योहार मनाने पहुंचने लगे परिजन

### खूब करते हैं एंजॉय

ग्रामीणों ने बताया कि इस अनोखी परंपरा के चलते उनके गांव में त्योहार की उमंग बढ़ जाती है। दिवाली, होली जैसे त्योहार लोग अपने गांव या घर में ही मनाते हैं। यहां तिथि से अलग दिन त्योहार होने के कारण हर घर में मेहमान पहुंचते हैं। बहन, बेटी, दामाद सहित घर में पूरा परिवार और रिश्तेदार एकत्रित होकर त्योहार मनाते हैं, जिससे तैयार की उमंग और बढ़ जाती है। आसपास के गांव के लोग भी यहां दिवाली मनाने आते हैं।



### रात में होगा मनोरंजन

त्योहार को लेकर ग्रामीणों ने लोगों को आमंत्रित करना शुरू कर दिया है। एक वर्चुअल आमंत्रण कार्ड तैयार किया गया है, जिसे वे रिश्तेदार, सगे संबंधी, दोस्त यार को भेज रहे हैं। इस साल बड़ी संख्या में लोगों के इस त्योहार में शामिल होने की उम्मीद है। ग्राम समिति द्वारा दोनों दिन यहां मनोरंजन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सुरहुति के दिन 24 अक्टूबर को कका भतीजा नाचा पार्टी कोमाखान सराईपाली का कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार गोवर्धन पूजा के दिन संगी जहुरिया नाचा पार्टी बिलईडबरी बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी।

**समस्या :** सर्जरी के बाद चार मरीजों की आंख में मिला इंफेक्शन

# नेत्र अस्पताल संक्रमण की चपेट में मोतियाबिंद का आपरेशन हुआ बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल का नेत्र अस्पताल संक्रमण की चपेट में आ गया है जिसके कारण आपरेशन थियेटर में मोतियाबिंद की सर्जरी बंद कर दी गई है। चार मरीजों में इंफेक्शन फैल गया है।

जिला चिकित्सालय के आई हास्पिटल में रोजाना लगभग 20 मरीजों की आंखों का मोतियाबिंद आपरेशन किया जाता है। सर्जरी के दूसरे दिन आब्जर्वेशन में रखने के बाद तीसरे दिन मरीज को डिस्चार्ज कर दिया है। मोतियाबिंद आपरेशन के मामले में जिला अस्पताल प्रदेश में टॉप पोजिशन पर है। यही कारण है कि जिला सहित आसपास जिलों के भी मोतियाबिंद से पीड़ित मरीज आपरेशन के लिए आते हैं।




### मरीजों की स्थिति बेहतर

नेत्र चिकित्सक डा. राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि सोमवार को 17 मरीजों के आपरेशन के बाद मंगलवार को जब पट्टी खोली गई तो चार मरीजों में गंभीर संक्रमण मिला था। संक्रमण इतना ज्यादा था कि अगर तुरंत उपचार नहीं किया जाता तो उनकी नेत्र ज्योति जा सकती थी। मरीजों का तत्काल इलाज शुरू किया गया। आई हास्पिटल की टीम ने दो दिन तक रजतगा कर मरीजों का इलाज किया। अब उनकी कंडीशन बेहतर स्थिति में है। सभी मरीज आउट आफ डेंजर है। प्रोटोकाल के तहत इंफेक्शन मिलने पर सभी तरह की जांच व इंफेक्शन का स्त्रोत का पता लगाया जाता है। रिपोर्ट आने के बाद समीक्षा की जाएगी।

14 अक्टूबर सोमवार को नेत्र विभाग के आपरेशन थियेटर में मोतियाबिंद से पीड़ित 17 मरीजों की सर्जरी हुई थी। इनमें से चार मरीजों की आंख में इंफेक्शन मिला है। इंफेक्शन कैसे फैला, इसकी जांच शुरु हो गई है। नेत्र चिकित्सालय से कल्चर सैम्पल लेकर जांच के लिए रायपुर भेजा गया है। फिलहाल जांच रिपोर्ट नहीं आई है। वहीं संक्रमण फैलने से अस्पताल में मोतियाबिंद का आपरेशन बंद कर दिया गया है। संक्रमण की चपेट में आए चार मरीजों को आई हास्पिटल में भर्ती कर उपचार करते हुए निगरानी में रखी गई है। मरीजों को एंटीबायोटिक दिया गया है। मरीजों की स्थिति में सुधार हो रहा है। मोतियाबिंद का सप्ताह भर बाद आपरेशन शुरु होने की संभावना जताई जा रही है।

# खनिज विभाग ने राजस्व प्राप्ति पर लगाई लंबी छलांग

## 9 साल में 4 करोड़ से 14 करोड़ रुपये का राजस्व बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला खनिज विभाग ने 9 साल में राजस्व प्राप्ति की लंबी छलांग लगाई है। सन 2015-16 तक 4 गुना अधिक कमाई की है। उल्लेखनीय है कि धमतरी में गौण खनिज रेत का अकूत भंडार है। इसके अलावा मुरूम, गिट्टी, चिमनी ईंट की सीमित खदान है। राजस्व प्राप्ति रेत रायल्टी, अवैध खनन परिवहन से होती है।

खनिज शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सन 2014-15 में शासन ने जिला खनिज शाखा को राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य 4.18 करोड़ दिया था। जिसके एवज में उक्त वर्ष 3.79 करोड़ की राजस्व प्राप्ति की थी। सन 2016-17 में 5.11 करोड़ लक्ष्य के विरूद्ध 4.75 करोड़, सन 2017-18 में 5.21 करोड़ लक्ष्य के विरूद्ध 5.46 करोड़ की राजस्व प्राप्ति की। सन 2018-19 में लक्ष्य 6.12 करोड़ के मुकाबले 6.71 करोड़, 2019-20 में लक्ष्य 7.36 करोड़ के मुकाबले 9.30 करोड़, कोरोनाकाल सन 2020-21 में शासन से लक्ष्य प्राप्त नहीं होने के बावजूद राजस्व प्राप्ति ने लंबी छलांग लगाते हुए 13.46 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया। सन 2021-22 में 14.11 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए 14.90 करोड़ की राजस्व वसूली की। सन 2022-23 में 16.14 करोड़ के लक्ष्य पर 13.24 करोड़ का राजस्व मिला है। सन 2023-24 में 19.14 करोड़ का लक्ष्य मिला है।

बताया जा रहा है कि 2023-24 में कितना राजस्व प्राप्त हुआ है, इसका आकलन किया जाएगा। माना जा रहा है कि 19 करोड़ के लक्ष्य के करीब राजस्व प्राप्त होगी।

# पुराने मामले को लेकर दो गुट में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- पुलिस काउंटर केस दर्ज कर विवेचना में जुटी

पुराने मामले को लेकर बस स्टैंड स्थित ढाबा में कुरुद के दो गुट के लोगों के बीच हुई जमकर गाली गलौज और मारपीट की वारदात नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। एक दूसरे की रिपोर्ट पर पुलिस काउंटर अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 15 अक्टूबर की रात साढ़े नौ बजे की है। शिक्षक कॉलोनी कुरूद निवासी आलू प्याज व्यवसायी दीपक बजाज पिता स्व. तुलजा राम बजाज उम्र 47 वर्ष ने धमतरी से वापस कुरूद आते समय प्रकाश चैनवानी को फोन किया तो उन्होंने ठाकुर ढाबा बस स्टैण्ड कुरूद में होना बताया। यहां पहुंचकर प्रकाश चैनवानी, सुनील जेठानी, सुशील असरानी के साथ बैठकर खाना खा रहे थे। तभी रात्रि करीबन 10 बजे सोनू ऊर्फ विकास अग्रवाल अपने साथियों के साथ आकर पूर्व घटना 12 अक्टूबर की बात को लेकर दीपक बजाज से झगड़ा करते हुए अश्लील गाली गलौज देने लगा। मना करने पर दीपक को जान से मारने की धमकी देते हुए डण्डा से मारपीट की। इससे दीपक के बायें कान के पास चोट आई है। प्रकाश चैनवानी, सुनील जेठानी, सुशील असरानी ने बीच बचाव किया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बीच-बचाव कर रहे व्यक्तियों की भी पिटाई हुई है। वहीं घर पहुंचकर गाली गलौज कर पथराव भी किया गया है। वहीं दूसरी ओर सोनू उर्फ विकास अग्रवाल ने भी दीपक बजाज पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट का आरोप लगाया है। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर बीएनएस 2023 की धारा 115(2), 296(बी), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है।

# शराब की मिनी फैक्ट्री ध्वस्त, आरोपी फुर्र





- सलोनी और मथुराडीह के जंगल में आबकारी विभाग ने महुआ शराब भट्ठी में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आबकारी विभाग को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली। मथुराडीह और सलोनी के जंगल में शराब की मिनी फैक्ट्री पर कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त किया गया। यहां पर 200 लीटर महुआ शराब और 34 क्विंटल महुआ लहान भी नष्ट किया गया। इस बार भी आबकारी विभाग के हाथों से आरोपी बच निकले। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमला लगातार अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इसका सार्थक परिणाम भी सामने आ रहा है। लगातार अवैध शराब का जखीरा पकड़ा जा रहा है। विडंबना यह है कि एक दो मामलों को छोड़कर बाकी में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आबकारी अमला शराब तो पकड़ रहा है पर न जाने क्यों आरोपी उनके हाथ नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही मामला शुक्रवार को भी सामने आया, जिसमें बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने सलोनी और मथुराडीह के जंगल में महुआ शराब बनाने की भठ्ठी को नेस्तनाबूत किया। यहां पर चार बड़े बड़े चूल्हों पर महुआ शराब बनाई जा रही थी। आबकारी विभाग जब पहुंचा तो शराब बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। चूल्हे जल रहे थे, जिन पर महुआ लाहन को रखकर आसवन पद्धति से शराब तैयार की जा रही थी। विभाग ने इस मिनी फैक्ट्री को तो ध्वस्त कर दिया, लेकिन आरोपी उनके चंगुल में नहीं आए।

इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अजय पाण्डेय, आबकारी उप निरीक्षक पुरषोत्तम सिन्हा, राजेन्द्र देवांगन, अजय मारकण्डे, आबकारी प्रधान आरक्षक राजेश यादव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों का योगदान रहा।

### नष्ट की गई शराब

आबकारी संभागीय उड़नदस्ता उपायुक्त अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में आबकारी विभाग को 200 लीटर महुआ शराब और लगभग 3400 किलो महुआ लाहन मिला। जिला आबकारी अधिकारी श्री शर्मा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्रवाई कर तीन प्रकरण क़ायम किए गए हैं।

# सर्वर डाउन होने से राशन वितरण में आ रही परेशानी


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- राशन के लिए उपभोक्ता लगा रहे चक्कर

राशन दुकानों में बार-बार सर्वर डाउन होने से राशन वितरण करने में परेशानी हो रही है। सर्वर आने तक हितग्राहियों को दुकान के सामने बैठना पड़ रहा है। राशन दुकान संचालक भी सर्वर डाउन से परेशान हैं। हितग्राहियों की ऑनलाइन जानकारी फीड करने में परेशानी हो रही है। सर्वर की समस्या कई बार दो-दो घंटे तक रहती है जिससे हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिल पाता।

हितग्राही छोटू साहू, पूर्णिमा बघेल, यादराम यादव, शिवशंकर सोनवानी आदि का कहना है कि वे पिछले दो दिन से राशन लेने दुकान आ रहे हैं। सर्वर डाउन होने से राशन नहीं मिल पा रहा है। दुकान में हितग्राहियों की काफी भीड़ है। कुछ लोगों को राशन मिल चुका है। दोपहर होते ही सर्वर डाउन की समस्या बढ़ जाती है। ऑनलाइन फिंगरप्रिंट एक्सेप्ट नहीं हो रहा है। सर्वर अप डाउन होने हितग्राहियों का डाटा अपलोड करने में 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। यह सब ब्लूटूथ सिस्टम चालू होने से हुआ है। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के बाद फिंगरप्रिंट सब्मिट नहीं होने से वही प्रक्रिया पुनः दोहराई जा रही है इसलिए लेट हो रहा है।

## दीपावली, राज्य स्थापना दिवस पर हितग्राहियों को स्वामित्व योजना का प्रमाण-पत्र बंटेगा

# आबादी में बसे लोगों को मिलेगा जमीन का मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


जिले में ग्रामीण क्षेत्र की आबादी भूमि पर बसे हजारों परिवार के लिए बड़ी खुशखबरी है। दीपावली तथा छग स्थापना दिवस पर केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के तहत उन्हें पट्टा का वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के 499 गांवों की आबादी भूमि का ड्रोन सर्वे के बाद 1322 नक्शा सीट, मैप प्रशासन को मिला है। इसका भौतिक सत्यापन राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने घर-घर जाकर किया है। भारत सरकार द्वारा संचालित स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की आबादी भूमि का जीआईएस प्रणाली द्वारा भू- मापन कर अधिकार अभिलेख तैयार किया जा रहा है। आबादी भूमि धारण करने वाले कब्जादारों को भू-स्वामित्व प्रमाण- पत्र दिया जाएगा।

कलेक्टोरेट स्थित भू-अभिलेख शाखा में नक्शा शीट को मूर्त रूप देने में राजस्व निरीक्षक, पटवारी जोर -शोर से जुटे हुए हैं। राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती ने बताया कि 1 नवंबर को शासन द्वारा स्वामित्व योजना का प्रमाण -पत्र हितग्राहियों को दिया जाएगा। इसकी तैयारी राजस्व विभाग कर रहा है।

### स्वामित्व योजना के कई लाभ

स्वामित्व योजना से कई तरह का लाभ मिलेगा। ग्रामीण नागरिकों को वित्तीय स्थिरता मिलेगी। संपत्ति का वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे ऋण और अन्य वित्तीय लाभ मिल सकते हैं। संपत्ति कर का निर्धारण होगा। ग्रामीण नियोजन के लिए सटीक भूमि अभिलेख तैयार होते हैं। संपत्ति संबंधी विवाद में कमी आएगी। बेहतर ग्राम पंचायत विकास योजना, जीपीडीपी तैयार करने में मदद मिलेगी। दस्तावजों की परदर्शिता बढ़ेगी।



### निकाय चुनाव के बाद शहरवासियों को मिलेगा स्वामित्व कार्ड

विभागीय जानकारी के अनुसार शहर में बड़ी संख्या में लोग आबादी जमीन पर निवास करते हैं। हालांकि अधिकांश लोगों के पास प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया आबादी पट्टा है लेकिन इसका वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में लाभ नहीं मिलता। निकाय चुनाव के बाद शहर में भी ड्रोन सर्वे भारत सरकार द्वारा किया जाएगा। शहर में आबादी जमीन पर बसी बड़ी आबादी को ड्रोन सर्वे का बेसब्री से इंतजार है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### मध्यान्ह भोजन में ताजी हरी सब्जियां हो रहीं शामिल

# पोषण वाटिका बढ़ा रही कोसमर्रा स्कूल की शोभा

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और उद्यानिकी विभाग के अभिसरण से तैयार पोषण वाटिका शासकीय कन्या माध्यमिक स्कूल कोसमर्रा की शोभा बढ़ा रही है। यहां शाला प्रबंधन समिति द्वारा मौसम अनुरूप ताजी हरी सब्जियां उगाई जाती हैं, जिसमें जैविक खाद का उपयोग किया जाता है। इन सब्जियों का उपयोग मध्यान्ह भोजन में किया जाता है। इससे तुरंत तोड़ी हुई ताजी और पौष्टिक सब्जियां तो उपलब्ध हो रही हैं, साथ ही स्कूल की बच्चियों के पोषण स्तर को भी बढ़ा रही है। इन सब्जियों में सेमी, बरबट्टी, लौकी, विभिन्न तरह की भाजियां, गिल्की, टमाटर, मिर्ची, धनिया, भिंडी इत्यादि शामिल हैं।





गौरतलब है कि शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में पोषण वाटिका निर्माण के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत एक लाख 13 हजार रुपए एवं उद्यानिकी से 17 हजार रुपए की लागत से 1200 वर्गफीट क्षेत्रफल में पोषण वाटिका का निर्माण किया गया है। सब्जियों के बीच कटहल, पपीता, केला, अमरूद, मुनगा, नींबू के कुल 44 पौधों का रोपण किया गया है, ताकि भविष्य में सब्जियों के साथ-साथ फलों का भी उपयोग मध्यान्ह भोजन में किया जा सके।



रोमा श्रीवास्तव



ओमप्रकाश साहू

जिपं सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय माध्यमिक कन्या स्कूल कोसमर्रा में कक्षा छठवीं से आठवीं तक कुल 51 बालिकाएं अध्ययनरत हैं, जिनके लिए स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखते हुए पोषण वाटिका की उत्पादित सब्जियां गरम भोजन में परोसी जाती है। यह पोषण वाटिका निश्चित तौर पर कुपोषण को दूर करने में काफी हद तक सहयोगी साबित होगी।

कोसमर्रा सरपंच ओमप्रकाश साहू ने बताया कि शासकीय माध्यमिक शाला में पोषण वाटिका का निर्माण महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा अभिसरण मद की राशि से किया गया है। स्कूल की 30 x 40 वर्गफीट की खाली जमीन पर पोषण वाटिका तैयार कर मौसमी सब्जी के रूप में सेमी, बरबट्टी, टमाटर, लौकी, धनिया, मिर्च एवं भिंडी के अलावा क्यारी तैयार कर विभिन्न प्रकार के कटहल, पपीता, मुनगा, केला, अमरूद, नींबू जैसे फलदार पौधे भी लगाए गए हैं।

# कुरूद बीईओ आरएन मिश्रा निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

कुरूद विकासखंड के बीईओ आरएन मिश्रा को राज्य शासन ने निलंबित कर दिया है। उनके द्वारा समीक्षा बैठक में सही जानकारी नहीं देना एवं शिक्षा गुणवत्ता में सुधार नहीं करना जैसे कई शिकायतें थी।

- उनके स्थान पर सीके साहू होंगे प्रभारी बीईओ


जारी आदेश में कहा गया है कि डॉ. आरएन मिश्रा (मूलपद प्राचार्य) प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद जिला धगत्तरी द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेशों, निर्देशों की अवहेलना, विभागीय समीक्षा बैठक में जानकारी उपलब्ध नहीं कराना, महत्वपूर्ण पत्रों का समय-सीमा में निराकरण नहीं कर अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही, उदासीनता व स्वेच्छाचारिता बरती गई है। डॉ. मिश्रा प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद जिला धमतरी का उक्त कृत्य छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत कदाचार की श्रेणी में आता है। राज्य शासन द्वारा डॉ. आरएन मिश्रा, (मूलपद प्राचार्य) प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुरूद जिला धमतरी को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम-9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए, इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला धमतरी नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री मिश्रा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने बताया कि आरएन मिश्रा समीक्षा बैठक में सही जवाब नहीं दे पाए थे एवं कई महत्वपूर्ण पत्रों का भी जवाब नहीं देते थे। इसके अलावा कई शिकायतें थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुशंसा की गई थी। अब उनके स्थान पर एबीईओ सीके साहू को कुरूद का प्रभारी बीईओ बनाया गया है।

# पालक-शिक्षक बैठक में स्कूल के विकास पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏩कोर्रा(भखारा)

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भोथीपार में मेगा पालक शिक्षक बैठक हुई। संकुल केन्द्र कुर्रा संकुल समन्वयक लोकेश पांडेय, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला रांवा के प्रधानपाठक रामेश्वर साहू ने पालकों को मोटिवेट कर विद्यालय के पठन पाठन पर प्रकाश डाला। पालकों से छात्रों के पठन कौशल को मजबूती प्रदान करने की अपील की। इसके साथ ही मेगा पीटीएम के सभी बिन्दुओं पर बारी-बारी से चर्चा की गई। त्रैमासिक परीक्षा परिणाम पर भी छात्रवार, कक्षावार, विषयवार समीक्षा की गई। प्रतियोगी परीक्षाओं पर चर्चा कर बेहतर परिणाम प्राप्त करने पर संवाद किया। छात्रवृत्ति, नौनिहाल छात्रवृत्ति, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र पर चर्चा, मेरा कोना, बच्चा बोलेगा बेझिझक पर भी चर्चा की गई।




इस अवसर पर भूषेण पटेल अध्यक्ष, गोपेश्वर साहू उपाध्यक्ष, एकनाथ साहू, छेदन पटेल, डा. खम्हनलाल साहू सरपंच कुर्रा, श्रीमती गीता साहू, दीपा पटेल, डाकेश्वरी पटेल, यामिनी पटेल, लोकेश्वरी पटेल, हीरा पटेल, खिलेश्वरी सेन, प्रमिला साहू, नर्मदा साहू, धनेशराम, संतोषकुमार, अवधराम, हरिश्चन्द्र, डोमारसिंह, दीनबन्धु समेत बड़ी संख्या में पालक एवं एसएमसी सदस्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### संकरी में भाजपाइयों ने किया बुजुर्गों का सम्मान



सिर्री। ग्राम संकरी में शरद पूर्णिमा पर भाजपा परिवार ने शरद पूर्णिमा उत्सव समिति के सहयोग से ग्राम के बुजुर्ग व्यक्तियों का सम्मान किया। इन्होंने सामाजिक एवं ग्रामीण अध्यक्ष के रूप में सर्व समाज को सेवा दी है। मौके पर श्यामलाल साहू, दिलीप साहू, गजानन साहू, पवन साहू, दशवंतराम साहू, कमलराम साहू, दीनदयाल साहू, जीवधान साहू, महेंद्र साहू, गोविंद साहू, शिवा साहू, रामरतन साहू, सुखदेवराम साहू, भूखऊराम साहू, ग्वालराम यादव का सम्मान किया गया। इस दौरान रामखिलावन साहू, भगवानीराम साहू, गज्जूराम साहू, राजेंद्र सोनबिस्तर, योगेश साहू, महेंद्र साहू, रमेश साहू, दानेश्वर साहू, नेतराम साहू, झुमुकलाल साहू, नेतराम पंच, संतोष साहू, हरिशंकर साहू, किशोर साहू, रोहित साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### छाती में विजयादशमी उत्सव मनाया गया



पुरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड धमतरी का विजयादशमी उत्सव छाती में मनाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा पद संचलन ,शस्त्र पूजा की गई। इसी क्रम में खण्ड धमतरी के छाती मण्डल में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। मुख्य वक्ता घनश्याम साहू थे। अध्यक्षता संतोष चन्द्राकर ने की। विशेष अतिथि जिला सह संघचालक जितेंद्र यदु, खण्ड सह संघचालक गोपाल साहू, बालाराम साहू, प्रीतम साहू, भगत यादव, राजेश चन्द्राकर, यतीश भूषण श्रीवास्तव, तरुण देवांगन, शिशुपाल महमल्ला, हरिवंश साहू, राकेश साहू, गौतम साहू थे। मुख्य वक्ता ने संघ की स्थापना व उनके उद्देश्यों को बताया। हिन्दू समाज को संगठित होकर रहने को कहा। इस कार्यक्रम में विविध संगठनों का सहयोग रहा।

### किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित



धमतरी। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग का अमला लगातार शिविर लगाकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसल लगाकर फसल चक्र परिवर्तन के फायदों से लोगों को अवगत करा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि शुक्रवार को धमतरी विकासखण्ड के ग्राम झिरिया, कुरूद के कोसमर्रा, मगरलोड के कुल्हाड़ीकोट और नगरी के कुकरेल में फसल चक्र परिवर्तन शिविर लगया गया। इन शिविरों में कुल 290 किसान उपस्थित रहे, जिनमें से 153 किसानों ने 31.35 हे.रकबा में दलहन, तिलहन की फसल लेने की सहमति दी। इन शिविरों में ऋण स्वीकृति के 44 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं बीजोत्पादन के लिए 38 आवेदन प्राप्त हुए।

- शिविर में 153 किसानों ने दलहन-तिलहन फसल लेने की दी सहमति

# मोर संगवारी से सब काम हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना में से एक मोर संगवारी सेवा योजना की शुरूआत की गई है। नागरिक पहले कोई भी दस्तावेज या प्रमाण पत्र बनाने इधर-उधर घूमते रहते थे। जिससे उनका कीमती समय बर्बाद होता था। मोर संगवारी सेवा योजना लागू होने से नागरिकों को कार्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं है। कागज को इकट्ठा करना क्या कागज लगेगा क्या नहीं लगेगा इसकी जानकारी देना इस सब की परेशानी से अब बचाव हो रहा है। आप संगवारी को बुलाए वह सब जानकारी देगा। नागरिक अपना कागज तैयार तैयार करके रखेंगे वह घर आकर ले जाएगा। सब प्रकार के प्रमाण पत्र घर में लाकर देगा। इसका सर्विस शुल्क मात्र 50 रूपये है। नागरिक घर बैठे मोर संगवारी सेवा योजना के टोल फ्री नम्बर 14545 पर कॉल कर अपनी सुविधा के अनुरूप प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। नगर निगम धमतरी में मोर संगवारी सेवा योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में विभिन्न प्रकार की सेवाओं का लाभ दिया जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से जन्म पंजीयन, जन्म प्रमाण पत्र सुधार, मृत्यु पंजीयन, मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार, विवाह पंजीयन एवं प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र सुधार, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र, दुकान एवं स्थापना पंजीयन, आधार कार्ड में मोबाईल नम्बर जोड़ना या सुधार, शिशु आधार पंजीयन (5 वर्ष तक के बच्चों का), भूमिसूचना (भूमि उपयोग), नवीन पैन कार्ड में सुधार, डुप्लीकेट पैन कार्ड, दस्तावेज के नकल, गैर डिजिटल (भूमि रिकार्ड आदि की प्रति), श्रम कार्ड, राशन कार्ड जैसे सुविधा सम्मिलित किया गया है। धमतरी निगम की अपील है कि छत्तीसगढ़ शासन की मोर संगवानी योजना की बहुत ही अच्छी योजना है। बस आपको 14545 पर कॉल करना है घर बैठे सुविधा मिलेगी। कहीं जाना नहीं है जो काम निगम में जाकर करवाते। वह काम घर बैठे करवा सकते हैं। इसका लाभ क्षेत्र के हर नागरिकों को लेना चाहिए। इस योजना से सभी नागरिकों का काम आसान हो रहा है।

- मोर संगवारी के तहत घर पहुंच मिल रही सुविधा




# विकास कार्य के लिए नगरी को मिली डेढ़ करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साहू साव ने नगर विकास के लिए डेढ़ करोड़ की राशि आवंटित की है। इससे नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में विकास के नए आयाम लिखे जायेंगे। पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के प्रयास से नगर पंचायत नगरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 13 विकास कार्य के लिए 148.72 लाख स्वीकृत हुए।

मुख्य मार्ग से हिरउ कोसरे घर तक बीटी रोड निर्माण कार्य, उद्यान कार्य सहित (दीनदयाल उपाध्याय) सौंदर्यीकरण कार्य, एसडी ऑफिस के पारा गायत्री मंदिर के सामने सौंदर्यीकरण कार्य यार्ड, हाईस्कूल मैदान में सौदर्याकरण कार्य, लाईब्रेरी भवन मरम्मत कार्य क्र.07, बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य, नगर पंचायत परिसर सांस्कृतिक भवन का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्य, कार्यालय के प्रथम तल पर भवन निर्माण कार्य वार्ड नगर पंचायत परिसर में शेड मरम्मत कार्य, जीवन नाहटा घर से राजाबाड़ा तक बीटी रोड निर्माण कार्य, रंगमंच निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 04, पम्प हाउस सह शौचालय कक्ष निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 12 के लिए राशि स्वीकृत हुई है।

राशि स्वीकृत होने पर अध्यक्ष आराधना नागेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष अजय नाहटा, सभापति भूपेंद्र साहू, अश्वनी निषाद ,पूनम बलजीत छाबड़ा, सुनील निर्मलकर, ललिता, रेखू साहू, विनीता, संत कोठारी, प्रकाश पुजारी ने शासन का आभार व्यक्त किया।

# गांधीजी के जीवन दर्शन पर लगी पोस्टर प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏩कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में रासेयो इकाई 01 के तत्वावधान में गुरुवार को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से गांधीजी के जीवन दर्शन पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी, व्याख्यान एवं क्विज का आयोजन किया गया।

- गांधीजी त्याग की प्रतिमूर्ति थे: डा. राठौर

इस अवसर पर गांधीजी के जीवन दर्शन, उनके संदेशों एवं उनके विचारों से संबंधित 100 से भी अधिक पोस्टर्स का प्रदर्शन किया गया जिसे देखने छात्र-छात्राओं का तांता लगा रहा। व्याख्यान सत्र में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. डीके राठौर ने कहा कि गांधीजी के जीवन को आप पढ़ेंगे तो जानेंगे कि वे बहुत ही संपन्न घर में पैदा हुए थे। लंदन में पढ़ने वाला शख्स कोई सामान्य परिवार से नहीं रहा होगा। लंदन से बैरिस्टरी करके आने के बाद वे चाहते तो आराम से अपना जीवन व्यतीत कर सकते थे, लेकिन उन्होंने जनसेवा, देशसेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया और कोट पैंट को त्यागकर सफेद धोती में अपना पूरा जीवन व्यतीत किया। गांधीजी त्याग की प्रतिमूर्ति थे। देश को आजादी दिलाने, राष्ट्रवादी आंदोलन को जन आंदोलन बनाने में गांधीजी की बड़ी भूमिका थी।



अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से पहुंचे राहुलसिंह ने कहा कि गांधीजी एक साधारण व्यक्ति थे लेकिन उनके आचरण में कुछ ऐसी बातें थीं जो उनको असाधारण बनाती है जैसे सत्य पर अडिग रहना, गलती करने के बाद अपनी गलती को स्वीकारना उससे सीखना, सभी जाति धर्म के लोगों को बराबर मानना और समझना तथा किसी भी परिस्थिति में अहिंसा का साथ न छोड़ना। ये ऐसी चीजें थी जो उनको महान विचारक, योग्य शिक्षा शास्त्री, निपुण लेखक, महान समाज सुधारक, श्रेष्ठ दार्शनिक एवं एक अच्छे इंसान की श्रेणी में लाकर खड़ा करती है। उनके विचार हमेशा प्रासंगिक हैं और रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक एवं रासेयो अधिकारी विजयकुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में उन मूल्यों एवं आदर्शों की स्थापना होती है, जिन मूल्यों एवं आदर्शों की हम उनसे अपेक्षा करते हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवक मोजेश साहू, केशव ध्रुव, यामिनी कंवर, भूमिका डाहरे, लक्की साहू, जागेन्द्रसिंह, विषभ सोनकर सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202410130700023/**
**विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व**
**सन्:-2024-2025**

धमतरी प.ह.नं. 00033 [146/8(0.0060हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार-पदमिनी सेन,
अनावेदक पक्षकार-शकुनबाई पिता रामाधीन नाई,

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पदमिनी सेन पति बुधराम सेन निवासी हनुमान मंदिर के सामने लाल बगीचा वार्ड धमतरी के द्वारा ग्राम धमतरी प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. धमतरी तहसील धमतरी जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 146/8 रकबा 0.0060 हे. शकुनबाई पिता रामाधीन के नाम पर दर्ज है। शकुनबाई पिता रामाधीन के द्वारा दिनांक 09/07/2024 को वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। शकुनबाई पिता रामाधीन की निःसंतान मृत्यु दिनांक 10/08/2024 को हो चुका है। उपरोक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने आवेदन छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 08/11/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/10/2024 को जारी किया जाता है।

SURAJ BANCHHOR
**तहसीलदार**
**तहसील धमतरी**

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला-**धमतरी** तहसील-**भखारा** प.ह.नं.-**00004 पुरैना** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-**2024-25-198-1-2285**

**ईश्तहार**

तहसील भखारा के प.ह.नं. 00004 के अंतर्गत ग्राम **पुरैना** के वर्तमान भूमिस्वामी **सुकलाल टंडन पिता/पति-जगतू राम पता-पुरैना** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **399(0.0040)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **विजय कुमार दास पिता/पति-रासबिहारी दास पता-रायपुर** के नाम पर पंजीयन फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **06/11/2024** को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय तहसीलदार भखारा** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/10/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार:**
Bhupesh Kumar chandrakar
**भखारा**

### तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 21 से गांधी मैदान में देंगे धरना

# सहकारी कर्मचारी काली पट्टी लगाकर कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏩पुरी

सहकारी समिति कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर 18 अक्टूबर से अपन-अपनी समितियों में काली पट्टी लगाकर समिति का कार्य कर रहे हैं। जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र साहू छाती ने बताया कि इसके बाद 21 से 22 अक्टूबर तक जिला मुख्यालय गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन कर मंत्रियों के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। तत्पश्चात अपनी-अपनी समितियां में भोजन अवकाश पर मांगों को पूरा करने नारे लगाएंगे। इसके बावजूद भी मांग पूरी नहीं होती है तो 4 नवंबर से प्रदेश स्तरीय आंदोलन धरना स्थल रायपुर तूता में किया जायेगा। ज्ञात हो कि धमतरी जिले की 74 समितियों में समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक ऑपरेटर, विक्रेता, चपरासी चौकीदार लगभग 600 कर्मचारी काली पट्टी लगाकर समितियों में कार्य संपादित कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग मध्यप्रदेश सरकार की भांति छत्तीसगढ़ सरकार भी समितियों को भी प्रतिवर्ष 3-3 लाख रुपये प्रबंधकीय व्यय अनुदान राशि दें। सेवा नियम में संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू किया जाए तथा धान में सूखत दिया जाए। धान का 72 घंटे बाद यदि उठाव नहीं होता है, तो समितियों से संग्रहण केंद्रों में भंडारण किया जाए। धान की सूखत से समितियां बर्बाद हो रही हैं, जिससे समिति के कर्मचारियों को समय पर व सम्मानजनक वेतन नहीं मिल रहा है।




**Pride of Dhamtari**

**गितिका ऑटो डील**
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201




संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए राजस्व मंत्री

# प्राचीन परंपरा व संस्कृति को संजोए रखना हमारी जिम्मेदारी : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के 28 वें स्थापना दिवस पर 17 अक्टूबर को वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संगम सदन रामलीला मैदान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेलकूद युवा कल्याण विभाग मंत्री थे। अध्यक्षता पुनूराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष विजय यदु, मंडल प्रभारी राजेन्द्र गोलछा, नपं अध्यक्ष नीतू साहू, पार्षद दुर्गा साहू, नरेश अग्रवाल, बीएमओ डॉक्टर शारदा ठाकुर थे।



मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि प्राचीन परंपरा, संस्कार एवं संस्कृति को संजोए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह आने वाली पीढ़ी के लिए काम आएगा। हमारे पूर्वजों ने जो संस्कार दिए हैं, उसे संभालकर रखना सबका दायित्व है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं धरोहर हमारी पहचान है। श्री वर्मा ने आगे कहा कि संगम साहित्य परिवार ने हमारी पुरानी संस्कृति, परंपरा को संजोकर रखा है। संगम परिवार की स्थापना पर वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संगम साहित्य परिवार ने संगम के दिवंगत साहित्यकारों के छायाचित्र का अनावरण किया।

कार्यक्रम में संगम साहित्य समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सरल, उपाध्यक्ष चिंताराम सिन्हा, पलटनराम साहू , सचिव आत्माराम साहू, संरक्षक जेआर साहू, पुनूराम साहू, कोषाध्यक्ष लालेश्वर सिन्हा, सहसचिव कामता प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी भोलाराम सिन्हा, कार्यालय प्रभारी संतुराम साहू, चंद्रहास बघेल, सलाहकार अशोक साहू, लीलूदास मानिकपुरी, अशोक ध्रुव, सदस्य देवनारायण निषाद, तामेश्वर ठाकुर, भोपाल मनी साहू, अनीता गौर, उषा किरण निर्मलकर, भागवतराम खरे, भोलाराम कुर्रे, लिखेश्वर साहू, पुरुषोत्तम मारकंडे का योगदान रहा।

**ये हुए सम्मानित**

संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति ने साहित्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान देने के लिए संगम गजानन साहित्य सेवा सम्मान से बलदाऊ राम साहू दुर्गा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार संगम तुलसी मानस सम्मान से नंदकुमार साहू रामायणी खैरझिटी महासमुंद, संगम प्रेम ललिता समाजसेवा सम्मान से जो सृजन समिति मगरलोड, संगम मकरंद शिक्षक सम्मान से चैतू राम दीवान शिक्षक शुक्लाभाठा को एवं संगम सिरोतन सृजन सम्मान से भोलाराम सिन्हा डाभा को सम्मानित किया। इस दौरान क्षेत्र के पत्रकारों सुरेश साहू, पवन निषाद, नीलम साहू, ज्ञानदेव साहू, गवेंद्र साहू, छत्रपाल साहू को मोमेंटो, श्रीफल देकर संगम पत्रकारिता सम्मान दिया गया।

# शिविर तपस्थल के समान जहां स्वयंसेवक तपस्वी की भांति करते हैं साधना : राठौर




■ कातलबोड़ में सात दिवसीय रासेयो शिविर का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो इकाई 2 द्वारा ग्राम पंचायत कातलबोड़ में 17 अक्टूबर से 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के प्रथम दिवस शिविरार्थियों को प्राचार्य डा. डीके राठौर के द्वारा शुभकामना देते हुए शिविर स्थल के लिए रवाना किया गया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डा. एनके मेश्राम, एमएस साहू, बीआर देवांगन, श्रीमती सरस्वती धृतलहरे, अमित टण्डन, पवन ताम्रकार, संस्कृति चंद्राकर, रासेयो अधिकारी रेणु पाटले सहित जन भागीदारी समिति सदस्य अनुराधा साहू एवं टीकम कटारिया उपस्थित थे।

शिविर का उद्घाटन कातलबोड़ की सरपंच श्रीमती सुनीता साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डा. डीके राठौर ने कहा कि शिविर एक तपस्थल है जहां सभी स्वयंसेवक तपस्वी की भांति साधना करते हैं। सरपंच सुनीता साहू ने ग्राम में शिविर लगाने पर हर्ष व्यक्त किया। महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर ने कहा कि स्वयंसेवक अन्य विद्यार्थियों से भाग्यशाली होते हैं कि उन्हें समाज के प्रति कार्य करना का सौभाग्य प्राप्त होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रेणु पाटले ने कहा कि रासेयो का मुख्य उद्देश्य समाजसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का विकास करना है।

कार्यक्रम में डा. एनके मेश्राम, बीआर देवांगन, भोजराज चंद्राकर, सदस्य अनुराधा साहू, टीकम कटारिया, बरातूराम साहू उपसरपंच, पवन साहू सचिव, बेनीराम साहू सेवानिवृत शिक्षक, साहू समाज संरक्षक विकास साहू, गोधनराम साहू, परशुराम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# आदिवासी और जंगल को बचाने क्यों नहीं आ रही भाजपा-कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मां के नाम एक पेड़ लगाने की राजनीति सरकार न करें। परसा कोल ब्लॉक का फर्जी दस्तावेज बनाकर हसदेव जंगल बेचा गया है। एक भी ग्राम सभा से प्रस्ताव की कॉपी नहीं मांगी गई है। आज आदिवासी और जंगल को बचाने के लिए भाजपा-कांग्रेस क्यों नहीं आगे आ रही है। उपरोक्त बातें गोड़ आदिवासी समाज के संरक्षक बसंत ध्रुव, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन मरई, भारतीय मूल निवासी समाज के संयोजक पं. शंकर रात्रे और सतनामी समाज जिला धमतरी के निर्वाचन प्रमुख परमानंद कुर्रे और गोंड़ समाज के जिला संगठन सचिव संतोष सोरी ने एक संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा हमारे पास राजनीति करने आती है। हमारे हक, अधिकार की लड़ाई में नहीं आती। हमें तो हमारी लड़ाई खुद लड़नी है। कांग्रेस और भाजपा की मंशा भी एक ही है कि आदिवासी जंगल को छोड़कर शहर में गुलामी करें। कार्यकर्ताओं ने कहा है कि सरकार हसदेव जंगल की कटाई बंद करें और आदिवासियों के हक अधिकारों के साथ खिलवाड़ न करें। आज पुलिस वालों ने आदिवासी समाज पर लाठीचार्ज किया है, वह घोर निंदनीय है। सरकार पांचवी छठवीं अनुसूची का पालन नहीं कर रही है और संविधान को एक तरफ फेंक दिया है।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आदिवासी होकर भी आदिवासी के लिए खड़े नहीं हो सकते क्योंकि उन्हें तो आरएसएस कमाण्ड कर रहा है। आज हसदेव जंगल को सरकार ने काटकर उद्योगपतियों को बेच दिया और आदिवासी समाज पर पुलिस वालों पर तीर चलाने का इल्जाम लगा रहे हैं। यहां पर पुलिस ने अपनी पावर दिखाने का काम किया है। आदिवासियों पर लाठी चार्ज कर उन्हें लहूलुहान किया है। अपराध करने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाइ की जाए और हसदेव जंगल को काटने से रोका जाये।

# सतनामी समाज नहीं मनाएगा दिवाली : शंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



सतनामी समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं सलाहकार पंडित शंकर दादा ने कहा कि इस बार सतनामी समाज दिवाली नहीं मनाएगा। पटाखा फोड़ना तो दूर की बात है, पटाखा खरीदना भी नहीं है और न ही घरों में पकवान बनेगा। जहां तक दीए जलाने की बात है तो रोज की तरह एक दीया घर में और एक दीया जैतखाम पर जलाना है। आगे कहा है कि सतनामी समाज के 361 से भी अधिक निर्दोष लोग जेल में बंद हैं। वह अपने लिए नहीं समाज के स्वाभिमान के लिए लड़ रहे थे। षड्यंत्र के शिकार हो जाएंगे यह जानकारी हमें नहीं थी। शंकर ने सतनामी समाज के अध्यक्षों और पदाधिकारियों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में दिवाली नहीं मनाने, पटाखा नहीं फोड़ने, पकवान नहीं बनाने की सूचना जारी करें।

# अंजुमन स्कूल के अल्पसंख्यक विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग शासन राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिला स्तरीय अल्पसंख्यक समुदाय के 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह डॉ शोभाराम देवांगन शाउमावि में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंजुमन हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अल्पसंख्यक छात्र-छात्राएं मदिहा परवीन, जोया परवीन, जैनब खातून, सिमरन खातून, सबा नूरी, शोएब खान,



सानिया खातून, सानिया कुरैशी, अनिका खान, फैजान अली, किशश, अनअम कुरैशी, महविश एवं भूमिका जैन को सम्मानित किया गया। अंजुमन इस्लामिया तालीम कमेटी के सद्र हाजी मोहम्मद तसनीम खान, अंजुमन एडमिनिस्ट्रेटर सैयद असदुल हुसैन, प्राचार्य श्रीमती शबाना खान, उपप्राचार्य अब्दुल सत्तार खान समेत शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# कलेक्टर ने किया शिक्षक जितेन्द्र को सम्मानित

**मगरलोड**। शासकीय प्राथमिक शाला कुण्डेल में पदस्थ शिक्षक जितेंद्र पाल को शैक्षणिक गतिविधियों में नवाचार के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी ने सम्मानित किया। ज्ञात हो कि जितेन्द्र पाल बच्चों के शैक्षिक स्तर के विकास के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। नवाचार रचनात्मक लेखन कौशल विकास अंतर्गत कक्षा स्तर अनुसार साप्ताहिक टॉपिक विशेष दिन तीज त्यौहार पर बच्चों से रचनात्मक लेख लिखवाया जाता है और फ़ाइल में इकठ्ठा कर स्माल बुक बनाई जाती है जिसका उपयोग मुस्कान पुस्तकालय में किया जाता है। इस नवाचार को विनोबा एप्प में अपलोड कर जिला स्तर पर स्थान मिला।

# पीजी कालेज में महात्मा गांधी पर पोस्टर प्रदर्शनी, प्रश्नमंच का हुआ आयोजन

**धमतरी**। बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह और उत्साही युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती उत्सव पर आधारित महात्मा गांधी से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी, फिल्म स्क्रीन और प्रश्नमंच का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक प्रो निरंजन कुमार ने कार्यक्रम की भूमिका बताई। विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने पोस्टर प्रदर्शनी का विश्लेषण किया जिसमें महात्मा गांधी के समाजोत्थान कार्य जैसे अस्पृश्यता, अहिंसा, नशा, रंगभेद एवं जातिभेद मुक्त समाज तथा महिला उत्थान से संबंधित पोस्टर रहे। अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संस्थापक नरेंद्र साहू द्वारा फिल्म पर आधारित प्रश्नोत्तरी भी की गई जिसमें विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने पूर्ण सहभागिता दी। प्रो आकांक्षा मरकाम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पीसी चौधरी, श्रीमती जयश्री पंचांगम, गोविंद प्रसाद भीखमलाल सायतोड़े तथा स्वयंसेवक अपर्णा, विवेक, विभा, संदीप, रविकांत, परमानंद, योगेंद्र, गोपेश्वर, कुलदीप, भूमिका, माधुरी, खुशी, अभिलाषा, ललिता, वीणा, रामानंद, प्रहलाद थे।




# बैठक में मासिक मूल्यांकन की ग्रेडवार समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भुसरेंगा के सभा हॉल में पालकों, जनप्रतिनिधियों, एसएमसी अध्यक्षों, शिक्षकों की उपस्थिति में मासिक बैठक हुई। बैठक में तिमाही परीक्षा, मासिक मूल्यांकन की ग्रेडवार समीक्षा की गई। सी और डी ग्रेड प्राप्त बच्चों के ग्रेड में सुधार करने का प्रयास किया जायेगा। जाति, निवास प्रमाण -पत्र बनाने, राज्य छात्रवृत्ति, एमडीएम, स्वच्छता, किचन गार्डन, शिक्षा गुणवत्ता, पुस्तक, गणवेश वितरण, स्वीपर, रसोइया, सहायिका शिक्षक उपस्थिति, जर्जर भवन आदि विषयों पर चर्चा की गई।

मौके पर सरपंच पुष्पा जीतू चंद्राकर, प्राथमिक- माध्यमिक विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष गोपाल पटेल, गजेन्द्र साहू, शीतल पटेल, हीरालाल साहू, उपसरपंच पन्नालाल ध्रुव, एचएम कुलेश्वर साहू, यूके कोसरिया एचएम, लोमस साहू, श्री जोशी, गीता साहू, दादर मैडम, ध्रुव मैडम, शिक्षाविद् जयराम निर्मलकर, लीला ध्रुव, ज्योति ध्रुव, आरती यादव समेत अन्य मौजूद रहे।




# मुजगहन में भागवत महापुराण सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु




■ कथावाचक सत्यम कृष्ण शास्त्री ने प्रथम दिन गोकर्ण की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम मुजगहन में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथावाचक आचार्य सत्यम कृष्ण शास्त्री महाराज ने प्रथम दिन गोकर्ण की कथा सुनाई। गोकर्ण की कथा हमें सिखाती है कि अपने बच्चों में बचपन से ही भागवत भक्ति के प्रति रुचि पैदा करें। उन्हें सत्कर्म में लगाना चाहिए। उचित संस्कार बच्चों को अवश्य देना चाहिए। उन्हें मंदिर, धर्म स्थल कथाओं में अवश्य ले जाना चाहिए जिससे बड़े होकर धर्म के प्रति जागरूक रहें और संस्कारवान बने। इस दौरान महाराज ने भागवत कथा की व्यास पीठ से जवरगांव के अमर शहीद टकेश्वर निषाद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

आगे कहा कि युवा देश के प्रति सच्ची निष्ठा को प्रकट करें। आज अधिकांश युवा नशा की ओर अग्रसर है। नशामुक्त जीवन अपनाएं। मौके पर रूपराम साहू, गीताबाई साहू, संतराम साहू, पार्वती साहू, नागमणि नाग, यामिनी नाग, होरीलाल साहू, परायणकर्ता पंडित शिवम तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, कोकिला तिवारी समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

